राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर राज्यपाल श्री बागडे की शुभकामनाएं

जयपुर, 3 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (4 सितम्बर) की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जीवन की उत्सवधर्मिता से जुड़े है। उन्होंने सभी को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और निष्काम कर्म के आदर्श दर्शन को आत्मसात कर कर्तव्य पथ पर चलने का आह्वान किया।

श्री बागडे ने भगवान श्रीकृष्ण से सभी के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

---